विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2024 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-25 का उत्तर

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 25 | (क) क्या खेल मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कितने क्रीडा विद्यालय है? | खेल विभाग, उ0प्र0 के अंतर्गत प्रदेश में 03 स्पोर्टस कालेज संचालित हैं :-<br>1- गुरू गोबिन्द सिंह स्पोट्र्स कालेज, लखनऊ।<br>2- वीर बहादुर सिंह स्पोट्र्स कालेज, गोरखपुर।<br>3- मेजर ध्यानचन्द स्पोट्र्स कालेज, सैफई (इटावा)। |
| | (ख) उक्त विद्यालयों में कितने छात्र पंजीकृत हैं? | उपरोक्त तीनों स्पोट्र्स कालेजेज लखनऊ, गोरखपुर एवं सैफई (इटावा) में क्रमशः 271 छात्र, 310 छात्र/छात्राएं एवं 329 छात्र पंजीकृत हैं। |
| | (ग) प्रदेश में क्रीडा के विकास हेतु क्या सरकार और अधिक क्रीडा विद्यालय बनायेगी ? | प्रदेश में वर्तमान में 03 जनपदों यथा सहारनपुर, फतेहपुर एवं बलिया में स्पोट्र्स कालेज का निर्माण कराया जा रहा है, जिनमें से सहारनपुर एवं फतेहपुर का निर्माण अन्तिम चरण में है तथा जनपद बलिया के स्पोट्र्स कालेज का निर्माण कार्य आरम्भिक स्थिति में है। |
| | (घ) यदि हां, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | जनपद सहारनपुर एवं फतेहपुर के स्पोट्र्स कालेज संचालित किये जाने हेतु पदों के सृजन आदि की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| | (ड) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

गिरीश चन्द्र यादव
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)